प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

उर्वरक

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस संबंध में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। उन्होंने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

भेंट

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल शाम नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मण्डी ज़िला सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से भी लोकसभा अध्यक्ष को अवगत करवाया। उन्होंने आपदा से हुए नुकसान के लिए लोकसभा अध्यक्ष से प्रदेश को उदार आर्थिक मदद दिलाने के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष पैरवी करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज चंडीगढ़ जाने का कार्यक्रम है। वे अब से कुछ देर बाद शिमला से चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे। बरसात के कारण प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से मदद मांगने के लिए मुख्यमंत्री कल दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सकते हैं ।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। पिछले 24 घण्टों के दौरान कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। भारी बारिश से प्रदेश में सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त है। मौसम विभाग ने 18 जुलाई तक कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता. ....

वीओ : *हिमाचल प्रदेश में मानसून की लगातार वर्षा के बीच बीते 24 घंटों में मंडी जिले के मुरारी देवी क्षेत्र में सर्वाधिक 130 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि जिला हमीरपुर के अघ्घर में 100 मिलीमीटर और जिला कुल्लू के कोठी में 60 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। राज्य आपातकालीन*

*परिचालन केंद्र की सूचना के अनुसार 20 जून को हिमाचल प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून के प्रवेश के बाद से अब तक बादल फटने की 22, फ्लैश फ्लड की 31 और भूस्खलन की 18 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। इन आपदाओं से जनित हादसों में राज्य में अब तक 95 लोगों की मृत्यु हुई है, 175 लोग घायल हैं जबकि 33 लोग अभी भी लापता हैं। प्रदेश में 2 राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 250 अन्य संपर्क सड़कों पर यातायात अभी भी अवरुद्ध है। इसके अलावा 787 पेयजल योजनाएं और 327 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। प्रशासन द्वारा इनकी बहाली के प्रयास लगातार जारी हैं* रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर आज मण्डी ज़िले के दौरे पर हैं। वे आज धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायज़ा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में भाजपा पूरी तरह प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें राहत पहुंचाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

नशा निवारण

राज्य सरकार नशे के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। इन्हीं प्रयासों के तहत पिछले अढ़ाई वर्ष के दौरान प्रदेश में 5 हज़ार से अधिक एन.डी.पी.एस. मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में नशे का कारोबार करने वालों की करीब 37 करोड़ रूपए की संपत्ति जब्त की गई है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार नशे की आदत से ग्रसित लोगों को प्रभावी पुनर्वास प्रदान करने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। इसके लिए कुल्लू, ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा में नशा मुक्ति केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा सिरमौर के कोटला बड़ोग में सौ बिस्तरों वाला अत्याधुनिक नशा मुक्ति केन्द्र बनाया जा रहा है। प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी ऐसे केन्द्र स्थापित करने की कार्य योजना तैयार की गई है।

.......................................